
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

संविधान दिवस विशेष

26 नवंबर 2024

Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

संविधान केवल वकीलों का दस्तावेज नहीं है बल्कि यह जीवन जीने का एक माध्यम है।

**डॉ. भीमराव अम्बेडकर**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar
*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 26 नवम्बर

1. **संविधान दिवस–** 26 नवम्बर, 1949 ई. को संविधान सभा में देश के संविधान को अंगीकार किया गया था। इसी परिप्रेक्ष्य में इस दिन को प्रति वर्ष संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। संविधान सभा ने 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में 26 नवम्बर, 1949 ई. को ही संविधान को स्वीकार किया था। इसके अध्यक्ष डॉ. भीमराव अम्बेडकर थे।
2. **राष्ट्रीय दुग्ध दिवस–** 26 नवम्बर को भारत भर में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन के जन्म दिवस (26 नवम्बर, 1921ई.) को इस दिवस के रूप में मनाया जाता है। पहला राष्ट्रीय दुग्ध दिवस वर्ष 2014 में मनाया गया था।
3. **नियोबियम तत्व की खोज–** 1801ई. में आज के ही दिन नियोबियम (Nb) तत्व (परमाणु क्रमांक 41) की खोज की घोषणा चार्ल्स हट्चेट ने रॉयल सोसाइटी ऑफ लंदन में की थी। यह पाइरोक्लोर तथा कोलम्बाइट नामक खनिजों में पाया जाता है। इसका गलनांक 2477 °C है।




T u e s d a y

/teachersofbihar

Madhu priya

मधु प्रिया


# संविधान दिवस 26 नवंबर




हर भारतीय नागरिक के लिए हर साल **26** नवंबर का दिन बेहद खास होता है। दरअसल यही वह दिन है जब देश की संविधान सभा ने मौजूदा संविधान को विधिवत रूप से अपनाया था। यह संविधान ही है जो हमें एक आजाद देश का आजाद नागरिक की भावना का एहसास कराता है। भारत गणराज्य का संविधान **26** नवम्बर **1949** को बनकर तैयार हुआ था। संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ॰ भीमराव आंबेडकर के **125**वें जयंती वर्ष के रूप में **26** नवम्बर **2015** को पहली बार भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस सम्पूर्ण भारत में मनाया गया तथा **26** नवम्बर **2015** से प्रत्येक वर्ष सम्पूर्ण भारत में संविधान दिवस मनाया जा रहा है। इससे पहले इसे राष्ट्रिय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था। संविधान सभा ने भारत के संविधान को **2** वर्ष **11** माह **18** दिन में **26** नवम्बर **1949** को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया। गणतंत्र भारत में **26** जनवरी **1950** से संविधान अमल में लाया गया। भारतीयों द्वारा कई दशकों पूर्व से 'संविधान दिवस' मनाया जाता है। डॉ॰ भीमराव आंबेडकर के इस महान योगदान के रूप में भारत सरकार द्वारा पहली बार **26** नवम्बर **2015** को "संविधान दिवस" मनाया गया तथा **26** नवम्बर **2015** से प्रत्येक वर्ष सम्पूर्ण भारत में संविधान दिवस मनाया जाता है। **26** नवंबर का दिन संविधान के महत्व का प्रसार करने और डॉ॰ भीमराव आंबेडकर के विचारों और अवधारणाओं का प्रसार करने के लिए चुना गया था। इस दिन संविधान निर्माण समिति के वरिष्ठ सदस्य डॉ सर हरीसिंह गौर का जन्मदिवस भी होता है।

# जयंती विशेष 26 नवंबर

राकेश कुमार




प्रसिद्ध शिक्षाविद और वैज्ञानिक यशपाल का जन्म 26 नवम्बर सन 1926 को झंग (अब पाकिस्तान में) नामक स्थान पर हुआ था। उन्होंने 1949 में पंजाब विश्वविद्यालय से भौतिक विज्ञान से अपना स्नातक पूर्ण किया था। इसके बाद उन्होंने 1958 में मैसेचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेकनोलॉजी से भौतिक विज्ञान में ही पीएचडी की। उनके परिवार में पत्नी और दो पुत्र हैं।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश




**भारत गणराज्य का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर तैयार हुआ था। संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ॰ भीमराव आंबेडकर के 125वें जयंती वर्ष के रूप में 26 नवम्बर 2015 को पहली बार भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस सम्पूर्ण भारत में मनाया गया तथा 26 नवम्बर 2015 से प्रत्येक वर्ष सम्पूर्ण भारत में संविधान दिवस मनाया जा रहा है।**

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar





संविधान को बनाने में 2 साल 11 महीने और 18 दिन लगे। संविधान की दो कॉपी हाथ से लिखी गई हैं, जो हिंदी-अंग्रेजी में हैं। दोनों हस्तलिखित कॉपियों पर 24 जनवरी 1950 को तब के 308 संसद सदस्यों के सामने हस्ताक्षर किए गए।

स्रोत:
दैनिक भास्कर

# TOB

राकेश कुमार



# खेल कॉर्नर









## बुमराह का SENA देशों में बेस्ट बॉलिंग औसत

SENA (साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया)



## SENA देशों में सबसे ज्यादा बार 5 विकेट लेने वाले भारतीय



**जसप्रीत बुमराह***
5 विकेट: 7



**कपिल देव**
5 विकेट: 7



**बीएस चंद्रशेखर**
5 विकेट: 6



**जहीर खान**
5 विकेट: 6

# TEACHERS OF BIHAR

## गुणकारी सब्जी

## मूली







मूली (राफानुस सैटियस) ब्रैसिसेकी परिवार की, मिट्टी के भीतर पैदा होने वाली एक सब्जी है। वास्तव में यह एक परिवर्तित जड़ है । मूली दुनिया भर में उगाई और खपत की जाती है। मूली की कई किस्में हैं जो प्रजनन के आकार, रंग और समय में भिन्न होती हैं। कुछ प्रजातियाँ तेल उत्पादन के लिए भी उगाई जाती हैं।मूली सभी प्रकार के बवासीर में फायदेमंद होती है। ठंड के समय मूली खानी चाहिए क्योंकि इससे वायु विकारादी भी कम होती है।मूली में पानी की मात्रा ज्यादा होती है जबकि कैलोरी और वसा कम होती है. साथ ही फाइबर की भी मात्रा पायी जाती हैं।इस सब्जी में विटामिन ए, सी और ई ज्यादा होते हैं। मूली और इसके पत्ते तरह से हमारे लिए उपयोगी है।

धीरज कुमार
UMS सिलौटा भभुआ
(कैमूर )

www.teacgersofbihar.org


26 नवंबर
राष्ट्रीय
संविधान दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Punita Kumari
www.teachersofbihar.org



26 नवंबर

# संविधान दिवस

की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

TEACHERS OF BIHAR


राष्ट्रीय दुग्ध दिवस
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
26 नवंबर
"डांट कर दूध पिलाती है,टाफी दे कर मनाती हैं।
मा के जज्बातों को समझना,वो ऐसे ही प्यार लुटाती है"।
राष्ट्रीय दुग्ध दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
Madhu priya
www.teachersofbihar.org



भारतीय भौतिक विज्ञानी

# प्रोफेसर यशपाल

की

**जयंती** पर सादर नमन।




26 नवंबर 1926-24 जुलाई 2017

www.teachersofbihar.org

Madhu priya



राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी
के लिए
बिहार से चयनित
बच्चों और उनके
मार्गदर्शक शिक्षकों को
बहुत बहुत
बधाई
प्रभु नारायण पंडित
विभा परियार